प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का किया ऐलान, राज्य में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को डालें जायेंगे वोट, 23 नवंबर को होगी मतों की गिनती।
2. पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों के लिए डाले जायेंगे वोट।
3. चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आचार संहिता लागू।
4. एनडीए और इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर जारी।
5. हजारीबाग के मेरू स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र में 373 नवआरक्षकों ने ली देश सेवा की शपथ, रांची में चार दिवसीय पुलिस ड्यूटी मीट शुरू।

***************

भारत निर्वाचन आयोग ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। राज्य के 81 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल 29 हजार पांच सौ 62 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि एक मतदान केन्द्र पर औसत मतदाताओं की संख्या 881 निर्धारित की गयी है।
मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर बुनियादी सुविधायें उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को घर से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

***************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि दोषी पाये जाने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में कुल दो करोड़ 60 लाख मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ 29 लाख महिलायें, जबकि एक करोड़ 31 लाख पुरूष मतदाता हैं।
मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह, पीवीटीजी का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया है।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने बताया कि चुनाव तारीखों के ऐलान के साथ ही राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने प्रेसवार्ता में बताया कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई उपाय किये गये हैं।

***************

विधानसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। एनडीए और इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमिटी की आज दिल्ली में बैठक होगी। बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं के अलावा केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होने की संभावना है। कांग्रेस पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के तीन वरीय नेताओं को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इनमें तारीक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमार्क मल्लू शामिल हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो ने पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष को सहयोगी दलों से सीट बंटवारे और प्रत्याशी चयन के लिए अधिकृत किया है। उधर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट शेयरिंग के मामले पर लगभग सहमति बन गयी है।

***************

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का स्थानांतरण और पदस्थापन किया है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से आज जारी अधिसूचना के अनुसार रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को स्थानांतरित करते हुए जेएसएलपीएस का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि इसी पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार बरणवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है। वहीं भारतीय प्रशासनिक के वरिष्ठ अधिकारी वरूण रंजन को रांची का उपायुक्त बनाया गया है। श्री रंजन ने आज अपना पदभार ग्रहण भी कर लिया है।

***************

हजारीबाग के मेरू स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में आज दीक्षांत परेड समारोह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 373 नवआरक्षकों ने देश सेवा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक के.एस. बनियाल ने सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने नवआरक्षकों, उनके माता, पिता और परिजनों को भी बधाई दिया।

***************

19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट आज से शुरू हुई। चार दिवसीय इस मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा। जैप वन परिसर रांची में 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने किया।

********समाप्त********